एक नजर में

## अण्णा महाराज का किया नागरिक सम्मान




**इंदौर.** पलसीकर कॉलोनी स्थित श्री दत्त माऊली सदगुरु अण्णा महाराज संस्थान पर श्री गजानन महाराज का प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया गया. सुबह के सत्र में 111 भक्तों ने गजानन महाराज के विजय ग्रन्थ का पारायण किया वहीं दोपहर में थीम्स विश्वविद्यालय पेरिस द्वारा सदगुरु अण्णा महाराज को समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने और निस्वार्थ भाव से मानव सेवा के साथ शिक्षा एवं चिकित्सा के क्षेत्र में सेवाएँ देने तथा विधवा महिलाओं को कल्याणी नाम से प्रतिष्ठा दिलवाने के उपलक्ष्य में डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित करने पर उनके शिष्यों और भक्तों द्वारा जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट के मुख्य आतिथ्य में नागरिक सम्मान किया गया. विधायक मालिनी गौड़, भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सदस्य डॉ. भारत शर्मा, अभिभाषक तनुज दीक्षित, अखंड धाम के महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी चेतन स्वरुप, रणजीत हनुमान मंदिर के पुजारी पं. दीपेश व्यास, संत राजानंद महाराज, मप्र ज्योतिष एवं विद्वत परिषद के अध्यक्ष आचार्य पं. रामचंद्र शर्मा वैदिक, महामंडलेश्वर योगेन्द्र बाबा, अखंड धाम प्रबंध समिति के अध्यक्ष हरि अग्रवाल, डॉ. प्रशांत खरे, पार्षद योगेन्द्र गेंदर, पार्षद सुरेश टाकलकर, प्रशांत बडवे सहित अनेक गणमान्य नागरिक और सत्य साईं सेवा समिति के एसके बोचरे एवं डॉ. माधवी पटेल ने भी सद्गुरु अनन्ना महाराज का सम्मान किया.

## स्टार्टअप इकोसिस्टम पर बजट के प्रभाव पर चर्चा



**इंदौर.** टाई इंदौर द्वारा आईटी, आईटीईएस, जीसीसीएस और स्टार्टअप इकोसिस्टम पर केंद्रीय बजट के प्रभाव विषय पर एक व्यावहारिक चर्चा आयोजित की गई. इसमें सांसद शंकर लालवानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. सत्र का संचालन टाई इंदौर के अध्यक्ष सावन लड्ढा ने किया, जिसमें टाई इंदौर के सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया. सावन लड्ढा ने बजट की मुख्य बातों पर प्रकाश डाला, जिनमें 10,000 करोड़ का फंड सपोर्ट, सेफ हार्बर प्रावधान और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस सुधार शामिल हैं, जिनसे स्टार्टअप विकास को गति मिलने की उम्मीद है. ऋषिकेश नांदेड़कर ने साझा किया कि यह बजट जीसीसी इकोसिस्टम के लिए सकारात्मक है, जो भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को मजबूत करेगा. अभिषेक संघवी ने इंक्यूबेटर्स की भूमिका पर जोर दिया, जबकि अमित अग्रवाल ने 10,000 करोड़ के मैन्युफैक्चरिंग और स्टार्टअप-लिंक्ड सपोर्ट के माध्यम से इक्विटी फ्लो में वृद्धि पर ध्यान आकर्षित किया. मनीष दबकरा ने कार्बन उत्सर्जन और स्थिरता पर केंद्रित प्रयासों को रेखांकित किया, और गीतांजलि ने टियर-2 और टियर-3 शहरों को सशक्त बनाने के बारे में बात की. सांसद लालवानी जी ने अंत में कहा कि बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी पर विशेष ध्यान, जिसमें नए रेल मार्ग भी शामिल हैं, इंदौर को महत्वपूर्ण रूप से लाभान्वित करेगा और इसे एक अत्यधिक सकारात्मक विकास गंतव्य बनाएगा.

## सांसद ने किया भारत लैब का शुभारंभ



**इंदौर.** शहर के आम लोगों को रियायती मूल्य पर सभी तरह की मेडिकल एवं पैथालोजी जांचे उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सांसद शंकर लालवानी के मुख्य आतिथ्य एवं एसडीएम अजीत श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर रिंकेश कुमार वैश्य तथा प्रख्यात समाजसेवी एवं बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन के चेयर पर्सन विनोद अग्रवाल के विशेष आतिथ्य में रविवार को भारत लैब नेटवर्क की इंदौर इकाई का शुभारंभ हुआ. अतिथियों का स्वागत भारत लैब के चेयरमैन महेश बाबू शर्मा एवं सीईओ पुनीत दुबे ने किया. भारत लैब की एचआर हेड विधि राय ने स्वागत भाषण दिया. एओएम प्रदीप एवं मध्यप्रदेश के सेल्स हेड नरेन्द्र टूटेजा, विकास जैन, वैभव साठे, सुश्री अंजू एवं सुश्री तनीषा ने भी लैब के बारे में जानकारियां प्रदान की. इस अवसर पर सांसद लालवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वस्थ भारत के संकल्प के अनुरूप इंदौर के लिए यह एक अच्छी सौगात होगी. नई लैब पर मरीजों के लिए सभी तरह की जांचें अत्याधुनिक मशीनों की मदद से रियायती मूल्य पर होगी।

## गांवों में लेप्रोस्कोपी सर्जरी को लेकर जागरूकता कम




**इंदौर.** तीन दिवसीय एमपीएएसआई कॉन 2026 के अंतिम दिन विशेषज्ञों ने सर्जरी को गांव तक लेजाने की बात पर चर्चा की. एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया के मध्यप्रदेश स्टेट चैप्टर और इंदौर सिटी चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में होने वाली इस कॉन्फ्रेंस में 25 सेशन हुए और एक क्विज़ प्रतियोगिता भी हुई. देश में मेडिकल ट्रेनिंग कार्यक्रमों का दायरा अक्सर बड़े शहरों तक सीमित रह जाता है. इसका सीधा असर छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में एडवांस सर्जरी तकनीकों की पहुंच पर पड़ता है. इसी अंतर को कम करने के उद्देश्य से स्टेट एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया के चेयरपर्सन डॉ राकेश शिवहरे ने कहा कि गांवों में आज भी लेप्रोस्कोपिक सर्जरी को लेकर जागरूकता की कमी है, जिसे दूर करना जरूरी है. संगठन का प्रयास रहेगा कि हर जिले के मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पतालों में लेप्रोस्कोपी की नियमित ट्रेनिंग शुरू की जाए.

# राजवाड़ा क्षेत्र में यातायात सुधार को लेकर व्यापारियों संग बैठक

▶ यातायात पुलिस व नगर निगम अधिकारियों ने लिए कई अहम फैसले



**इंदौर. शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस व नगर निगम अधिकारियों ने राजवाड़ा क्षेत्र के व्यापारियों के साथ बैठक की. बैठक की अध्यक्षता डीसीपी यातायात राजेश त्रिपाठी ने की. उन्होंने बताया कि बैठक में सराफा एसोसिएशन, शीतलामाता बाजार, बर्तन बाजार, कपड़ा बाजार, आड़ा बाजार, खजूरी बाजार, पुस्तक व्यापारी संघ एवं रहवासी संघ के पदाधिकारी शामिल हुए.**

इस दौरान एडिशनल डीसीपी नरेश कुमार अन्नोटिया, एसीपी सुप्रिया चौधरी, यातायात नियंत्रण कक्ष प्रभारी राधा यादव, सराफा थाना प्रभारी राजकुमार लिटोरिया सहित नगर निगम अधिकारी मौजूद रहे. व्यापारियों ने सवारी रिक्शा में माल ढोने, ठेले-रिक्शा से यातायात बाधा, ई-रिक्शा की अव्यवस्था, अतिक्रमण और पार्किंग की समस्या उठाई. इसके बाद अधिकारियों व व्यापारियों ने संयुक्त रूप से मुख्य मार्गों और पार्किंग स्थलों का निरीक्षण किया. इस दौरान डीसीपी त्रिपाठी ने समाधान के लिए व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर सतत संवाद, साप्ताहिक समीक्षा बैठक, माल ढोने वाले रिक्शा पर कार्रवाई, नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर क्रेन कार्रवाई तथा नगर निगम व पुलिस के साथ संयुक्त अतिक्रमण हटाओ अभियान के निर्देश दिए. व्यापारियों ने भी वाहनों को निर्धारित पार्किंग में ही खड़ा करने पर सहमति जताई. अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि राजवाड़ा क्षेत्र में यातायात सुधार के लिए नगर निगम, पुलिस और व्यापारी संगठन मिलकर लगातार संयुक्त कार्रवाई करेंगे.

# खजराना से लापता 15 वर्षीय किशोर का कुएं में मिला शव

▶ एक दिन पहले कुछ नाबालिगों से हुआ था विवाद

**इंदौर. खजराना थाना क्षेत्र से शनिवार शाम से लापता 15 वर्षीय किशोर समीर का शव रविवार दोपहर इलाके के ही एक कुएं में मिलने से सनसनी फैल गई. समीर के अचानक लापता होने के बाद परिजनों ने शनिवार रात थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी, जिसके बाद से पुलिस और परिवार उसकी तलाश में जुटे थे. रविवार को स्टार चौराहे के पास एक खाली मैदान के नजदीक बने कुएं में उसका शव संदिग्ध अवस्था में बरामद हुआ.**

थाना प्रभारी मनोज सेंधव ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि स्टार चौराहे के पास एक कुएं में किसी का शव दिखाई दे रहा है. मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया, जिसकी पहचान लापता समीर के रूप में हुई. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भिजवा दिया है. परिजनों ने पुलिस को बताया कि समीर के परिवार में उसका एक भाई है, जबकि उसके पिता का साया पहले ही उसके सिर से उठ चुका था.

प्रारंभिक जानकारी में यह बात सामने आई है कि शनिवार को समीर का क्षेत्र में ही रहने वाले कुछ अन्य नाबालिगों के साथ खेल रहा था, इस बीच किसी से विवाद के बाद से ही वह लापता हो गया था, जिसके चलते हत्या की आशंका भी जताई जा रही है. पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है. परिजनों दोस्तों के बयान और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो पाएगा.

# शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, पांच बाइक बरामद





**इंदौर.** हीरानगर थाना पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है. आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने करीब 5 लाख रुपए कीमत की 5 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं. आरोपी वाहनों के नंबरों में हेरफेर कर उन्हें शहर में चलाता था.

थाना प्रभारी सुशील पटेल ने बताया कि 6 फरवरी की रात चंद्रगुप्त मौर्य चौराहे पर वाहन चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध बाइक सवार को रोका. बाइक की टूटी नंबर प्लेट और पीछे की प्लेट से जानबूझकर नंबर मिटा देख पुलिस को शंका हुई. कागजात मांगने पर युवक टालमटोल करने लगा और भागने की कोशिश भी की, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया. आरोपी ने अपना नाम मयंक उर्फ चिराग उर्फ चिमायला पिता गोपाल अठोनिया निवासी सेठीनगर विजय गर बताया. जांच में सामने आया कि जिस बाइक पर वह सवार था, वह हीरानगर क्षेत्र से चोरी हुई थी. पूछताछ में आरोपी ने 2 फरवरी की रात न्यू गौरी नगर से बाइक चोरी करना कबूल किया. इसके बाद उसकी निशानदेही पर पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से 5 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद कीं. पुलिस अब उससे अन्य चोरी की वारदातों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है.

# बरलाई शुगर फैक्ट्री की जमीन उद्योगपतियों को देने के खिलाफ किसानों का बिगुल

▶ किसान नेता ने चेताया अब होगा आंदोलन तेज




**इंदौर.** बरलाई शुगर फैक्ट्री की बहुमूल्य जमीन उद्योगपतियों को सौंपे जाने के प्रयासों के खिलाफ किसानों का आक्रोश खुलकर सामने आ है. किसान नेताओं ने प्रदेश सरकार पर गुपचुप तरीके से फैक्ट्री की जमीन मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम और निवेश क्षेत्र प्रोत्साहन विभाग के नाम कराने का आरोप लगाते हुए तीखा विरोध दर्ज कराया है.

किसान नेता हंसराज मंडलोई ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि शिप्रा के पास स्थित बरलाई शुगर फैक्ट्री की जमीन ग्राम पीर कराडिया की लगभग 10.73 हेक्टेयर और ग्राम बुधी बरलाई की करीब 33 हेक्टेयर भूमि का नामांतरण कराने के लिए सांवेर एसडीएम कार्यालय में आवेदन दिया है, जिस पर सात दिन में दावे-आपत्तियां मांगी गई हैं, किसानों ने इस पर आपत्ति दर्ज कराते हुए इसे उनके अधिकारों पर सीधा हमला बताया है. किसान नेता का आरोप है कि सरकार पहले ही करीब 30 हेक्टेयर जमीन गुजरात की एक बड़ी औद्योगिक कंपनी को देने की प्रक्रिया आगे बढ़ा चुकी है और शेष भूमि भी उद्योगपतियों को सौंपने की तैयारी है.

उन्होंने इसे मालवा के किसानों के साथ अन्याय बताते हुए कहा कि इंदौर, देवास, धार सहित कई जिलों के हजारों किसानों की गाढ़ी कमाई इस फैक्ट्री में लगी है. मंडलोई ने बताया कि वर्ष 1975-76 में वरिष्ठ सहकारिता नेता बापू सिंह मंडलोई के नेतृत्व में गन्ना उत्पादक किसानों से हजार-हजार रुपये के अंशदान लेकर लाखों किसानों को सदस्य बनाया गया और उसी पूंजी से फैक्ट्री की स्थापना हुई.

उस समय जमीन बेहद सस्ती थी और किसानों को मुनाफे में हिस्सेदारी का भरोसा दिया था. शुरुआती वर्षों में फैक्ट्री ने लाभ भी दिया, लेकिन बाद में प्रशासनिक दखल बढ़ने से घाटा हुआ और इकाई बंद हो गई. मंडलोई ने क्षेत्रीय विधायक व कैबिनेट मंत्री तुलसी सिलावट पर भी किसानों के हितों की अनदेखी का आरोप लगाया. उन्होंने दो टूक कहा कि बरलाई शुगर फैक्ट्री की जमीन पर उद्योगपतियों को किसी भी हालत में कब्जा नहीं करने दिया जाएगा और यदि सरकार ने फैसले वापस नहीं लिए तो बड़े स्तर पर आंदोलन छेड़ा जाएगा. किसान संगठनों ने साफ कर दिया है कि मालवा के किसानों के हक की इस लड़ाई में वे पीछे हटने वाले नहीं हैं.




# घुटनों के दर्द, थायरॉइड का बिना सर्जरी इलाज संभव

**सीवीआईसी समिट के दूसरे दिन आधुनिक तकनीकों पर फोकस**

**इंदौर.** सीवीआईसी इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी समिट के दूसरे देशभर से आए विशेषज्ञ डॉक्टरों ने घुटनों के दर्द, प्रोस्टेट बढ़ने, थायरॉइड गांठ, नसों की रुकावट और वैरिकोसील जैसी आम लेकिन जटिल समस्याओं के बिना बड़े ऑपरेशन वाले इलाज पर विस्तार से चर्चा की.

आईरकेड इंडिया सैम्स परिसर में आयोजित समिट में विशेषज्ञों ने बताया कि आज की इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी तकनीकें मरीजों को पारंपरिक सर्जरी से बचाकर कम दर्द, कम खर्च और तेज रिकवरी का विकल्प दे रही हैं. कैथेटर आधारित प्रक्रियाओं के जरिए शरीर की नसों के अंदर से इलाज किया जाता है, जिससे बड़े चीरे की जरूरत नहीं पड़ती और मरीज जल्दी घर लौट सकता है. सीवीआईसी इंदौर के इंटरवेंशनल रेडियोलॉजिस्ट एवं समिट ऑर्गनाइजिंग फैकल्टी सदस्य डॉ. निशांत भार्गव ने कहा, दूसरे दिन हमने ऐसी बीमारियों पर फोकस किया जो आम जनता में बहुत ज्यादा देखने को मिलती हैं—जैसे घुटनों का दर्द, प्रोस्टेट बढ़ना या नसों की रुकावट. हमारा प्रयास है कि मरीजों को बड़े ऑपरेशन के डर से गुजरना न पड़े और उन्हें कम दर्द वाली सुरक्षित तकनीकें उपलब्ध हों.

### सर्जरी का विकल्प तैयार

इंटरवेंशनल रेडियोलॉजिस्ट एवं एंडोवैस्कुलर स्पेशलिस्ट डॉ. आलोक उडिया ने बताया, एम्बोलाइजेशन और एब्लेशन जैसी तकनीकों ने सर्जरी का विकल्प तैयार कर दिया है. अब प्रोस्टेट या थायरॉइड की समस्या में भी मरीज को चीर-फाड़ की जरूरत नहीं होती. छोटे से पंचर के जरिए इलाज हो जाता है. सीनियर इंटरवेंशनल रेडियोलॉजिस्ट एवं वैस्कुलर इंटरवेंशन विशेषज्ञ डॉ. शैलेश गुप्ता ने कहा हम चाहते हैं कि इंदौर और आसपास के मरीजों को बड़े महानगरों में जाने की जरूरत न पड़े. इस तरह की ट्रेनिंग से स्थानीय डॉक्टर भी अत्याधुनिक इलाज देने में सक्षम बनेंगे. इससे पूरे क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत होंगी.

# आधुनिक मशीनों का व्यापारियों ने देखा प्रत्यक्ष संचालन

▶ तीन दिवसीय एक्जीबिशन ग्रेनेक्स इंडिया का समापन







**इंदौर.** ऑल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन के तत्वावधान में दाल, अनाज की अति आधुनिक मशीनरी की तीन दिवसीय एक्ज़ीबिशन ग्रेनेक्स इंडिया का आयोजन तक बैप्स श्री स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर नेमावर रोड़ चौराहा बायपास पर किया जा रहा था. इस एक्ज़ीबिशन के अंतिम दिन भारी संख्या में दाल मिलर्स, ऑइल मिलर्स, और अन्य खाद्यान्न व्यापारियों का जन सैलाब उमड़ा.

यह जानकारी देते हुए संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने बताया कि ऑल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन के तत्वावधान में दाल और सभी प्रकार की दाल, खाद्यान्नों एवं मसालो के प्रसंस्करण की नवीनतम एवं आधुनिक टेक्नोलॉजी की मशीनरी की एक्ज़ीबिशन के इस अनूठे आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों से दाल मिलर्स और खाद्यान्न व्यापारियो ने अपने उद्योग से संबन्धित आधुनिक मशीनों का अपने अपने उद्योग से संबन्धित आधुनिक मशीनो की कार्यविधि और संचालन का प्रत्यक्ष प्रदर्शन देखा एवं अपने उद्योग तथा व्यवसाय विस्तार के लिए कारखानों में नई टेक्नोलॉजी की मशीनों को स्थापित करने के लिए विशेष रुचि दर्शाई. अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने एक्ज़ीबिशन में भाग ले रही राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मशीनरी निर्माता कंपनियो और उनके उत्पादो की विस्तार पूर्वक जानकारी दी. सांसद शंकर लालवानीजी ने पुन: एक्ज़ीबिशन का अवलोकन किया. एक्ज़ीबिशन के समापन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद माननीय कृष्णमुरारी मोघेजी एवं संस्था अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने एक्ज़ीबिशन में हिस्सा ले रही प्रतिभागी कंपनियों के प्रतिनिधियों का प्रोत्साहित करते हुए उन्हें सम्मानित किया एवं उद्योगों एवं व्यापार के विस्तार के लिए उनके उत्पादों की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया.

श्री मोघे ने व्यापारियो एवं एक्ज़ीबिशन के प्रतिभागियो को संबोधित करते हुए अपने उद्बोधन मे कहा कि इस प्रकार के आयोजन से निस्संदेह देश में दाल इंडस्ट्रीज़ और खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों में नई टेक्नॉलॉजी की मशीनों से उत्पादन क्षमता बढ़ेगी और व्यवसाय का विस्तार होगा. साथ ही नई टेक्नोलॉजी की मशीनों से देश में दाल उद्योगो में दाल की क्वालिटी में सुधार होंगे 7 दाल, सरसो, धनिया, मिर्च-मसाले की बेस्ट क्वालिटी में मशीनों का बड़ा योगदान रहेगा.

# नशे के खिलाफ युवाओं ने निकाली यूथ वॉक



**इंदौर. रविवार को नशे के खिलाफ़ हजारों युवाओं की यूथ वॉक निकाली गई. इसका आयोजन टीम आरजीएस द्वारा रुद्राक्ष गोलू शुक्ला के नेतृत्व में किया गया. वॉक में विश्व हिन्दू परिषद मालवा प्रांत के संगठन मंत्री ख**

गेंद्र भार्गव, विधायक गोलू शुक्ला, एमआईसी सदस्य मनीष शर्मा मामा, दीपेन्द्र सिंह सोलंकी, पार्षद सुरेश टाकलकर, रूपाली अरुण पेंढारकर, भावना चौधरी, रुपा दिनेश पांडे, गजानंद गावड़े, पंखुडी डोसी, मृदुल अग्रवाल, बंटी वर्मा, आशीष शर्मा, रितेश वीरांग सहित बड़ी बड़ी संख्या में युवा उपस्थित थे। उन्होंने नशा ना करने का साथ ही अपने आसपास नशे के आदी युवाओं को नशा छुड़वाने का संकल्प लिया.

खगेंद्र भार्गव ने कहा कि युवाओं के बल पर हम पुन: विश्व गुरु बनने की और अग्रसर है, लेकिन कुछ अन्तर्राष्ट्रीय ताकतें भारत को महाशक्ति बनने से रोकना चाहती है, इसलिए वे ताकतें षड्यंत्रपूर्वक हमारी युवा शक्ति को नशे का आदी बनाकर, नशे में धकेलकर भारत के बढ़ते कदमों को रोकना चाहती है. हमें अपनी ताकत को पहचानना होगा। हमारे युवाओं की गर्जना नशे में दबनी नहीं चाहिए. जो सामर्थ्य हमारे पास है। सही जगह इस्तेमाल करें. आयोजक रूद्राक्ष गोलू शुक्ला ने कहा कि युवाओं को भारत के रीति रिवाजों और संस्कारों से जोड़ने के साथ साथ नशे से दूर रहने के उद्देश्य से यह वॉक का आयोजन किया जा रहा है।

एक नजर में ▶ केबीसी सभागृह में चल रहे तीन दिवसीय दिव्य गीता सत्संग का समापन

# गीता समूची मानवता का भी श्रृंगार बने, यही लक्ष्य होना चाहिए




**इंदौर.** सत्संग केवल एक मनोरंजन, प्रदर्शन या आयोजन नहीं बल्कि एक परिवर्तन का नाम है. हमें स्वयं तय करना होगा कि हमारे कर्म किस तरह धर्म बन जाएं. गीता जटिल नहीं, जीवन की जटिलताओं को दूर करने, गीता शुष्क नहीं जीवन की शुष्कता को दूर कर सरसता में बदलने और बेसुरे जीवन को सुर-ताल में बदलने का नाम है. तीन दिन का यह सत्संग हम सबके जीवन और परिवारों को संवारकर गीता को जन-जन की वैश्विक प्रेरणा बनाने की जरूरत है. गीता मंदिर के साथ समूची मानवता का भी श्रृंगार बने, यही हमारा संकल्प और लक्ष्य होना चाहिए.

ये विचार हैं प्रख्यात गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद के, जो उन्होंने रविवार को कनाड़िया रोड, मोर्या हिल्स स्थित कुसुम देवी छावछरिया सभागृह पर सूठीबाई दौलतराम पारमार्थिक न्यास की मेजबानी में आयोजित तीन दिवसीय दिव्य गीता सत्संग के समापन प्रसंग पर उपस्थित भक्तों के सैलाब को संबोधित करते हुए व्यक्त किए. प्रारंभ में जेल महानिर्देशक वरुण कपूर, समाजसेवी बालकिशन अग्रवाल, टीकमचंद गर्ग, विष्णु बिंदल, दीपक जैन टीनू, जयप्रकाश त्रिपाठी, नेपानगर की विधायक मंजू दादू, राजेंद्र गर्ग, पीडी अग्रवाल कांट्रेक्टर, दिनेश मित्तल, अरविंद बागड़ी, सुभाष बजरंग, पीडी अग्रवाल महू, राधेश्याम शर्मा गुरूजी, पवन सिंघानिया मोयरा, रामनारायण अग्रवाल आदि ने ग्लोबल इंस्पीरेशन एनलाइटनमेंट आर्गेनाइजेशन ऑफ़ भगवद गीता के अंतर्राष्ट्रीय महामंत्री प्रदीप मित्तल (दिल्ली) एवं सचिव कुलभूषण मित्तल कुक्की के साथ मंगलाचरण के बीच दीप प्रज्वलन कर सत्संग का शुभारंभ किया. विद्वान वक्ता की अगवानी मनोरंजन मिश्रा, विकास गुप्ता, सीए पंकज गुप्ता, एसएन गोयल समाधान, रसनिधि गुप्ता, विलास वाणी, रितु केडिया, नानूराम कुमावत, रचना गुप्ता, मनीष चौकसे, रवि जायसवाल, आयुष मिश्रा, पार्षद प्रणव मंडल, राजेश अग्रवाल, नंदकिशोर कंदोई आदि ने की।

### ▶ एम्बुलेंस, शव वाहन एवं आरओ वाटर टैंक की घोषणा

जीओ इंटरनेशनल के सेवा कार्यों की जानकारी प्रदीप मित्तल ने दी और सूठीबाई दौलतराम छावछरिया पारमार्थिक न्यास के सेवा कार्यों की जानकारी सचिव कुलभूषण मित्तल कुक्की ने दी. उन्होंने बताया कि ट्रस्ट के प्रमुख बालकिशन छावछरिया ने करीब 200 करोड़ रुपए की पूँजी से अपने सेवा प्रकल्पों का संकल्प 80 वर्ष की आयु में किया .इस तीन दिवसीय सत्संग की स्मृति में उन्होंने 15 हजार लीटर क्षमता के शुद्ध आरओ वाटर टैंकर एवं एक शव वाहन चलाने का भी संकल्प व्यक्त किया है.